रेलवे स्टेशन के बाहर ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की बढ़ती मनमानी

स्टेशन होगा अंदर, बाहर हमारा ही स्टैंड चलेगा

नवभारत, जबलपुर। रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 के बाहर इन दिनों ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है। चालक अपने वाहन सड़क के बीचों-बीच खड़े कर देते हैं, जिससे यात्रियों को स्टेशन तक पहुंचने और बाहर निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।अव्यवस्थित पार्किंग के कारण न केवल पैदल यात्रियों को परेशानी हो रही है, बल्कि चौराहे से गुजरने वाले अन्य वाहनों को भी जाम जैसी स्थिति से जूझना पड़ता है। खासकर व्यस्त समय में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं।

घमापुर यातायात पुलिस की कार्रवाई बेअसर

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि घमापुर यातायात पुलिस द्वारा पहले यहां कार्रवाई की गई थी, लेकिन उसका कोई स्थायी असर देखने को नहीं मिला। कार्रवाई के अभाव में चालकों के हौसले और बढ़ गए हैं। यातायात पुलिस द्वारा नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई की जरूरत है, ताकि स्टेशन में आने- जाने वाले यात्रियों और राहगीरों को राहत मिल सके।

इनका कहना है

दोनों टाइम यातायात पुलिस के सिपाहियों द्वारा ई- रिक्शा और ऑटो चालकों को सड़क से हटाया जाता है और समझाएं दी जाती है। साथ ही पेट्रोलिंग पुलिस समय- समय पर पहुंचकर इनको हटाती रहती है।

संगीता डामोर
डीएसपी यातायात घमापुर

प्रेमिका की बेवफाई, प्रेमी ने किया सुसाइड का प्रयास

जबलपुर। मझौली थाना अंतर्गत बुदरई में प्रेमिका की बेवफाई से प्रेमी ने सुसाइड का प्रयास किया। टीआई नेहरू खण्डाते ने बताया कि ग्राम बुदरई में रहने वाला 17 वर्षीय बालक ने आत्महत्या करने के इरादे से घर में फांसी लगा ली गनीमत रही कि समय रहते उसे नीचे उतार लिया गया। जब उसे फंदे से उतारा गया तो उसकी सांसें चल रही थी जिसे तत्काल उपचार के लिए सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया और उसकी जान बच गई। युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि बालक का गांव में रहने वाली एक लड़की से प्रेम संबंध थे। दोनों के बीच में बातचीत होती थी लेकिन बीते कुछ दिनों से बातचीत बंद थी। लड़की ने बालक से दूरी बना ली थी जिसके चलते उसने सुसाइड का प्रयास किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

माँ ज्वाला के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

माता की चौकी आयोजित कर किया नए साल का स्वागत

जबलपुर, नवभारत। नववर्ष के अवसर पर माँ ज्वाला संस्था द्वारा 31 दिसंबर की रात्रि 10 बजे से एक भव्य एवं अलौकिक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माँ ज्वाला रानी की दिव्य चौकी सजाई गई, जहाँ देर रात तक भक्तों की आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत माँ ज्वाला का नाम लेकर और जयकारों के साथ की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। चौकी में सर्वप्रथम प्रसिद्ध भजन गायक दीपक राजपूत, मानसी ठाकुर ने श्री गणेश जी का आवाहन करते हुए प्रथम भजन की प्रस्तुति दी। जिसके बाद एक से बढ़कर एक भजनों की श्रृंखला शुरू हुई, जिसमें माँ के मधुर और शक्तिपूर्ण भजनों ने भक्तों की ऊर्जा को नई दिशा दी। भक्तों की विशेष फरमाइश पर शक्ति ने लिया अवतार, कुछ कारण होगा भजन गाया गया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो उठे और माँ के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। कार्यक्रम की एक विशेष झलक उस समय देखने को मिली जब मंडली की सबसे छोटी गायिका पूनम ने अत्यंत मनमोहक भजन प्रस्तुत किया। उसकी मधुर आवाज और सच्ची भक्ति ने सभी भक्तों का मन जीत लिया। कड़ाके की ठंड होने के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। भक्तों द्वारा चौकी के निकट अंगीठी जलाने की व्यवस्था की गई थी ताकि सभी श्रद्धालुगण भजनों का आनंद लेते हुए कार्यक्रम में सहभागिता निभा सकें।

मंदिर जा रहे दोस्तों पर चाकू से हमला

जबलपुर। गोसलपुर थाना क्षेत्र में बंजारी माता दर्शन के लिए जा रहे दो दोस्तों पर बदमाशों ने चाकू से वार कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक सनी डुमार 21 वर्ष निवासी ग्राम मिढासन ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि मामा के लडके चंदन एवं गॉव के आकाश कोल के साथ अपनी मोटर सायकिल से बंजारी माता दर्शन के लिये जा रहे थे जैसे ही सिल्लू टैंट हाउस के पास देव नगर मिढासन रोड पहुंचे तभी एक लडकी निकली जिसे कोई लडका कुछ बोलते हुये निकल गया उसी समय देवनगर की ओर से अरूण कोरी, अनिकेत कोल आये और बिना किसी बात को लेकर उसके दोस्त आकाश कोल के साथ विवाद कर चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव करने के दौरान उसे भी चाकू मारा। आकाश को गंभीर चोटें आई है।

नववर्ष का उत्साह और उमंग के साथ हुआ स्वागत

नवभारत,जबलपुर। माता गुजरी महिला महाविद्यालय में नव वर्ष 2026 का आयोजन महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार पाहवा, प्राचार्य डॉ संगीता झाम्ब एवं रजिस्टार सत्येंद्र कुरिया के निर्देशन एवं गुरु गोविंद सिंह एजुकेशन सोसाइटी के सहयोग से संपन्न हुआ। महाविद्यालय परिवार को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार पाहवा ने कहा कि नव वर्ष केवल कैलेंडर बदलने के बारे में ही नहीं होता अपितु यह व्यक्ति के जीवन को नई दिशा, नई उमंग, नई चुनौतियों की ओर बढ़ने को अग्रसर करता है । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता झाम्ब ने भी सभी सदस्यों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्राध्यापको एवं अन्य कर्मचारियों के द्वारा विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।इसी कार्यक्रम में महाविद्यालय की कर्मचारी श्रीमती संगीता वर्मा की सेवानिवृत्ति का भी आयोजन किया गया । सेवानिवृत्ति के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता झाम्ब ने कहा आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां, सफलता आए और हम आपके स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं । कार्यक्रम का संचालन सहा प्राध्यापक डॉ माया शुक्ला, डॉ संगीता सारखेल, स्वाति गुप्ता, श्रेया कुररिया, साक्षी जायसवाल, स्वाति चौरसिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

बिना रायल्टी हाईवा में ढुल रही थी रेत

नवभारत , जबलपुर। बरगी पुलिस ने सालीवाड़ा वन डिपो के सामने घेराबंदी कर बिना रायल्टी मुरूम का अवैध परिवहन करते हुये हाईवा चालक को पकड़ा। हाईवा मुरूम सहित जप्त की गई। बरगी थाना प्रभारी परिवीक्षाधीन डी.एस.पी. हेमंत कुमार ने बताया सालीवाड़ा वन डिपो के सामने हाईवा क्रमांक एमएच 30 बीडी 3164 में मुरूम लोड थी जिसे रोककर हाईवा चालक अजय कुमार भूइयां पिता लक्ष्मण भुइंया 28 वर्ष निवासी पिपरिया बरगी को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर नर्मदा नदी पुल के पास से मुरूम लोड कर बरगी लाना बताया, रायल्टी के सम्बंध में पूछने पर कोई कागजात न होना बताते हुये बताया कि झण्डू कम्पनी के मैनेजर संतोष के कहने पर नर्मदा पुल के पास से मुरूम भरकर बेचने लाना बताया । आरोपी के कब्जे से हाईवा मुरूम सहित जप्त करते हुये खनिज अधिनियम, मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

नौ फरार आरोपी हुए ईनामी

जबलपुर। शहर के आधा दर्जन थानों में लंबे समय से फरार चल रहे नौ आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने ईनाम घोषित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक रांझी थाने में दर्ज एनडीपीएस एक्ट एंव धारा 49 बीएनएस के प्रकरण में फरार विशाल चक्रवर्ती पिता कल्लू चक्रवर्ती 23 वर्ष निवासी सिंधी केम्प एवं गोहलपुर थाने में दर्ज डकैती के प्रकरण में अरसद पिता कमर खान 18 वर्ष निवासी हनुमानताल की गिरफ्तारी पर पांच-पांच हजार रूपए, गोहलपुर थाने में दर्ज विस्फोटक पदार्थ अधिनियम समेत अन्य धाराओं के प्रकरण में फरार प्रिंस उर्फ साहिल केवट पिता विकास केवट 20 वर्ष, रोहित ठाकुर पिता गणेश ठाकुर 20 वर्ष दोनों निवासी अधारताल, रोहित निवासी मदनमहल, यश बेन निवासी गोरखपुर एवं माढोताल थाने में दर्ज प्रकरण में अंशुल कश्यप, घमापुर थाने में दर्ज प्रकरण में राजा ठाकुर, पनागर थाने में एनडीपीएस एक्ट में मनीष प्रधान की गिरफ्तारी पर चार-चार हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया है।

उर्स शरीफ, आज होगा संदल शरीफ व चादर पोशी का आयोजन



नवभारत,जबलपुर। खानकाहे औलिया रब्बानिया, शराफाबाद आनंद नगर में मखदूम-ए-मिल्लत हज़रत मौलाना सैय्यद वजूदूल कादरी रब्बानी रहमतुल्लाह अलैह के उर्स शरीफ के मुबारक मौके पर आज जुमे के दिन अकीदत और एहतराम के साथ संदल शरीफ व चादर पोशी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उल्मा के सरपरस्त ए आला हज़रत अल्लामा अल्हाज सैय्यद बरकात अहमद कादरी कौसर रब्बानी की सरपरस्ती में नमाज़-ए-जुमा के बाद संदल शरीफ का जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस की क़यादत हज़रत सूफी सैय्यद सिफ़ात अहमद रब्बानी, हज़रत अल्हाज सैय्यद शम्स रब्बानी, डॉ. सैय्यद मोहम्मद नूरानी एवं सैय्यद अहमद जिलानी करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत नमाज़-ए-मगरिब के बाद हल्का-ए-ज़िक्र क़ादरिया का आयोजन एवं उलेमा-ए-किराम तक़रीरें बयान फरमाएंगे!

मरीजों को फल वितरित किए गए

नवभारत, जबलपुर। संपूर्ण रजक समाज एवं विवाह मिलन रजक समाज मध्यप्रदेश द्वारा संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर गत दिवस नेता सुभाष चंद्र मेडिकल कॉलेज में संयोजक ओंकार रजक, सचिव अनिल रजक, संगठन मंत्री अनमोल रजक, आरोग्य भारती के अखिल भारतीय अधिकारी अपना ग्राम स्वस्थ ग्राम के संयोजक में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मरीजों और उनके परिजनों को फल बाटे गए। संत गाडगे बाबा महाराज की जीवनी पर भोलानाथ ने अपने विचार रखे और मध्यप्रदेश संयोजक ओंकार रजक ने संत गाडगे महाराज के मार्गदर्शन पर असहाय, दिन:दुखी की सेवा करने का संकल्प लिया । इस अवसर पर भोलाना, इंजीनियर रवि , शिवनारायण , वरिष्ठ समाज सेवी विजय , रंजीत , नैनेश, वृन्दावन, निक्की , बंटू , प्रदीप उपस्थित थे।

नववर्ष पर बिष्णु वराह मंदिर बना आस्था का केंद्र

भक्ति का उमड़ा सैलाब ट्रैफिक जाम ने बढ़ाई परेशानी

नवभारत,मझौली। नववर्ष के शुभ अवसर पर मझौली स्थित ऐतिहासिक बिष्णु वराह मंदिर में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर और आसपास की सड़कों तक फैल गईं। दूर-दराज़ के गांवों से आए भक्तों ने भगवान बिष्णु वराह के दर्शन कर नव वर्ष की मंगलकामना की। मंदिर में विशेष पूजन, आरती और धार्मिक अनुष्ठानों के चलते पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। हालांकि भारी भीड़ के कारण ट्रैफिक दबाव बेकाबू हो गया। मझौली-जबलपुर मुख्य मार्ग सहित मंदिर से जुड़ी सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। एंबुलेंस, स्कूल वाहन और दैनिक आवागमन करने वालों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से भविष्य में ऐसे आयोजनों के दौरान बेहतर ट्रैफिक प्लान और पुलिस व्यवस्था की मांग की है।

मरही माता का मनाया गया जन्मोत्सव

नवभारत, जबलपुर। मरही माता भक्त परिवार के द्वारा भानतलैया कंचन तलैया स्थित मरही माता मंदिर में माता का जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मरही माता के जन्मोत्सव पर मंदिर में सुबह से ही पूजन, पाठ, अनुष्ठान व सुन्दर कांड का आयोजन किया। जिसके उपरांत हवन और विशाल भंडारा किया गया। जिसमें भारी मात्रा में श्रद्धालुजन पहुंचे। वहीं शाम को महाआरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें उपस्थित होकर श्रद्धालुजनों ने धर्म लाभ अर्जित किया।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, श्रीमति **आशा दुबे** पति का नाम श्री मोहन लाल दुबे निवासी : 270/1, आस्था परिसर, न्यू रामनगर, अमखेरा अधारताल तह. व जिला जबलपुर (म.प्र.) वाली शपथकर्ती शपथपूर्वक निम्न लिखित कथन करती हूं कि यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूँ। यह कि विवाह से पहले मेरा नाम कुमारी अनीता दुबे पिता श्री श्याम सेवक दुबे था। यह कि मेरा विवाह मोहन लाल दुबे के साथ हिन्दू रीति रिवाजों के अनुसार वर्ष 1975 में हुआ था। यह कि विवाह के बाद मेरा नाम कुमारी अनीता दुबे से श्रीमति आशा दुबे पति श्री मोहन लाल दुबे हो गया है। मैं श्रीमति आशा दुबे के नाम से जानी पहचानी जाती हूँ। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा समझा माना जाये। मैं अपना समस्त कार्य व हस्ताक्षर श्रीमति आशा दुबे के नाम से किया करती हूं। यह कि मेरे पुत्रों की अंकसूची में शिक्षा रिकार्ड में मेरे विवाह के पहले का नाम अनीता दुबे लिखा हुआ है जबकि विवाह के बाद मेरा नाम आशा दुबे हो गया है। यह कि अनीता दुबे और आशा दुबे एक ही महिला के नाम दो नाम हैं। यह जानकारी सत्य है। **शपथकर्ता**

आंगनबाड़ी में हुआ नारी तू नारायणी का आयोजन

नवभारत,बेलखाडू (जबलपुर)। पनागर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र बघोंडा में नारी तू नारायणी कार्यक्रम का आयोजन गत दिवस किया गया। जिसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जांच दौरान उनका हीमोग्लोबिन स्तर, ब्लड प्रेशर, वजन, सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की गई तथा जानकारियां ली गईं । इस दौरान महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी आराधना गर्ग एवं सुपरवाइजर रश्मि पांडे ने उपस्थित महिलाओं से स्वास्थ्य पर विस्तृत संवाद किया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ताएं व गर्भवती महिलाएं उपस्थित रहीं।

मोहतारा टोल प्लाज़ा पर सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत

नवभारत,सिहोरा। 37वाँ सड़क सुरक्षा माह के तहत आज मोहतारा टोल प्लाज़ा में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत आदित्य सिंहारिया महोदय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।तथा सुरक्षा शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर आदित्य सिंहारिया डुक्कर के मैनेजर अमन वर्मा एवं ह॥ प्रोजेक्ट मैनेजर क्रांति कुमार द्वारा वाहन चालकों एवं टोल कर्मियों को सड़क सुरक्षा के महत्व तथा यातायात नियमों के पालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान जिन वाहन चालकों ने यातायात नियमों का पालन किया, उन्हें गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। वहीं, जो चालक बिना नियमों का पालन करते पाए गए, उन्हें जागरूक करते हुए पंपलेट्स एवं रिफ्लेक्टिव स्टिकर लगाकर सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे संजय मिश्रा, एचआर मैनेजर, कमल सिंह, कॉरिडोर मैनेजर, लोकेन्द्र शर्मा, सुरक्षा अधिकारी, सड़क सुरक्षा माह के तहत आगे भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कांग्रेस नेता मनोज नामदेव को मातृशोक

जबलपुर। गढ़ाफाटक निवासी समाजसेवीका मीरा बाई नामदेव का 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मटका संगीत के जनक स्व. रतनचंद नामदेव की पत्नि,कांग्रेस नेता मनोज नामदेव, अशोक नामदेव, स्व. सतीश नामदेव एड/नोटरी, सुशील नामदेव, प्रमोद नामदेव, अनूप नामदेव की माताजी एवं एड. योगेश नामदेव, एड. शैलेष सतीश नामदेव, गौरव नामदेव, प्रतुल नामदेव की दादी थी। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। जहां राजनैतिक एवं समाज के सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



बड़ी खेरमाई पनागर में महाआरती का आयोजन

नवभारत,पनागर। नगर स्थित प्रसिद्ध बड़ी खेरमाई मंदिर में आरती समिति द्वारा प्रतिदिन आरती आयोजन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य महाआरती एवं भोग-भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। आरती समिति के सदस्यों ने बताया कि बीते 25 वर्षों से लगातार श्रद्धा और भक्ति के साथ मां बड़ी खेरमाई की आरती की जा रही है। इसी पावन अवसर को स्मरणीय बनाने विशेष महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।आयोजन के पश्चात श्रद्धालुओं को भोग-भंडारा प्रसाद भी वितरित किया गया।

नि:शुल्क स्वास्थ्य, जांच और दवा वितरण शिविर

जबलपुर। पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हम हैं न फाउण्डेशन के द्वारा सेठ गोविन्ददास जिला चिकित्सालय विक्टोरिया, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय ग्वारीघाट, पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ, तिलवाराघाट के संयुक्त तत्वावधान में 4 जनवरी दिन रविवार को सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक अधारताल तिराहा स्थित अमृतसरी नान रेस्टारेन्ट एवं होटल उत्सव इन में वृहद नि:शुल्क स्वास्थ्य, जांच व दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में दादा वीरेन्द्रपुरी जी नेत्र संस्था देवजी नेत्रालय के सहयोग से विशाल नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए पीड़ितों का चयन के साथ कांचियाबिन्द, अख्सूर, रेटीना एवं अन्य नेत्र रोगों की जांच नि:शुल्क की जाएगी।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

निविदा-सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	लागत राशि एवं समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	Tender ID_ 2025_UAD_470255_1 PRO-729 Date- 01/01/2026	संभाग क्रं. 01 गढ़ा वार्ड अंतर्गत हर्ष वर्धन शर्मा से अखिलेश मिश्रा जी के घर तक सीसी सडक निर्माण	08.93 लाख दो माह	2000/- 8930/-	16/01/2026
2	Tender ID_ 2025_UAD_470255_2 PRO-729 Date- 01/01/2026	संभाग के 01 गढा महाराणा प्रताप वार्ड अंतर्गत में डी-सेक्टर मे सी.सी सडक निर्माण कार्य।	12.00 लाख तीन माह	2000/- 9000/-	
3	Tender ID_ 2025_UAD_470255_3 PRO-729 Date- 01/01/2026	संभाग क्र. 01 गढ़ा सांई कालोनी में गुप्ता जी के सामने से शैलेन्द्र जी एवं संतोष दुबे के पास से ट्रांसफॉमर की ओर सी.सी. सडक निर्माण कार्य।	21.92 लाख चार माह	5000/- 16445/-	
4	Tender ID_ 2025_UAD_470255_4 PRO-729 Date- 01/01/2026	सभांग क्र. 01 गढ़ा महाराणा प्रताप वार्ड अंतर्गत ब्रम्हकुमारी कुमारी आश्रम के पास एवं मड़फैया क्षेत्र की आंतरिक सड़क का निर्माण कार्य।	23.94 लाख चार माह	5000/- 17955/-	

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in में पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। **कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**

CENTRUM Home Loans — Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट एवं रजिस्टर्ड ऑफिस : यूनिट नं. 801, सेन्ट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई- 400098, CIN No. U65922MH2016PLC273826
ब्रांच पता- मकान नं. 821, डी.एन. जैन कॉलेज के सामने, गोल बाजार, जबलपुर-482002 मध्यप्रदेश

परिशिष्ट- IV-ए (नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक देखें)

नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के अनुसरण में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति ब्याज का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा अचल संपत्ति की खरीद के लिए सीलबंद लिफाफे में प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जैसा कि नीचे वर्णित है, जो कि भौतिक कब्जा जैसा है जहां है आधार, जैसा है जैसा है आधार, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.	देनदारों/सह देनदारों/गारंटरों का नाम / लोन एकाउंट नं./ब्रांच	कुल बकाया की तिथि	अचल संपत्ति का विवरण	रिजर्व मूल्य	बयाना राशि जमा (ईएमडी) 10 प्र.श.
1.	JLRJL21006565/ अमर अहिरवार एवं रितु अहिरवार	28-11-2024 को रुपये 14,78,363/- (रुपए चौदह लाख अट्ठहतर हजार तीन सौ तिरेसठ मात्र)	मौजा-रिमझा की अचल संपत्ति के अधिकार, भाग और अंश में पी.एच. संख्या 79, नया कथौंडा, क्षेत्रफल 744 वर्ग फुट, आरएनएम- महाराजपुर, नया मधोताल, डायवर्जन का भाग और खसरा संख्या 65 का पी-2 भाग, निजी प्लॉट का भाग संख्या 49, नगर निगम वार्ड संख्या 72, तहसील- अधारताल, जिला- जबलपुर-482002,मध्य प्रदेश. सीमाएँ- पूर्व- पड़ोसी की संपत्ति, पश्चिम- प्लॉट संख्या 48, उत्तर- प्लॉट संख्या 27, दक्षिण- सड़क.	रुपये 10,50,000/- (रुपये दस लाख पचास हजार मात्र)	रुपये 1,05,000/- (रुपये एक लाख पाँच हज़ार मात्र)

1. नीलामी 'जैसा है, जहाँ है' और 'जैसा है, जो है' के आधार पर आयोजित की जा रही है. 2. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में शामिल हैं, जो उपर्युक्त शाखा कार्यालय में उपलब्ध है. 3. निर्धारित निविदा प्रपत्रों में सीलबंद बोली/प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि, 'सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में डिमांड ड्रॉफ्ट के माध्यम से देय ईएमडी और केवाईसी के साथ, 05-02-2026 को या उससे पहले सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक उपर्युक्त शाखा कार्यालय के पते पर है. अधूरे भरे हुए निविदा प्रपत्र या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएं अमान्य निविदा मानी जाएंगी और तद्नुसार अस्वीकृत कर दी जाएंगी. ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा. 4. अचल संपत्ति के निरीक्षण की तिथि 04-02-2026 है, सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक. 5. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव नीलामी खोलने की तिथि 06-02-2026 है, सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक, उपर्युक्त शाखा कार्यालय के पते पर अधिकृत अधिकारी द्वारा. 6. क्रेता लागू स्टाम्प शुल्क / अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क / हस्तांतरण शुल्क, शुल्क आदि और साथ ही सभी वैधानिक बकाया, कर, दर मूल्यांकन, सरकारी और अर्ध सरकारी वहन करेगा. नीलाम की गई संपत्ति के संबंध में कर, टीडीएस और अन्य शुल्क, शुल्क आदि. ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्ति का कब्जा सीएचएफएल के पास है, जो उपरोक्त के अनुपालन पर सफल बोलीदाता को शांतिपूर्ण कब्जा सौंप देगा. इच्छुक बोलीदाता को संपत्ति के ऋणभार शीर्षक के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए और खुद का निरीक्षण और संतुष्ट होना चाहिए. 7. संपत्ति को उनके नाम पर स्थानांतरित करने के लिए अन्य सभी खर्च और वैधानिक बकाया, यदि कोई हो, सफल क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा. 8. उच्चतम बोली लगाने वाला सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अनुमोदन के अधीन होगा. प्राधिकृत अधिकारी इस प्रकार प्राप्त किसी भी प्रस्ताव/बोली को बिना कोई कारण बताए स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखेगा. उसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा. 9. उधारकर्ता (ओं)/गारंटर (ओं) को एतद् द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत 30 दिनों का बिक्री नोटिस दिया जाता है ताकि नीलामी की तारीख से पहले उपरोक्त राशि का भुगतान किया जा सके, ऐसा न करने पर अचल संपत्ति की नीलामी की जाएगी और शेष राशि, यदि कोई हो ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा. यदि उधारकर्ता सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को देय राशि का पूरा भुगतान बिक्री की तारीख से पहले करता है, तो नीलामी रद्द की जा सकती है. अधिक जानकारी के लिए, उपरोक्त कार्यालय के पते पर अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें. संपर्क व्यक्ति - 1. श्री अंकित विग- 8668943242, श्री प्रशान्त सोनी- 8461809049.

स्थान- मध्यप्रदेश
दिनांक- 2-1-2026

हस्ता./-
अधिकृत अधिकारी
सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड